



# विमान अपहरण को लेकर एअरपोर्ट में हुआ मॉकड्रिल

## फायर ब्रिगेड, क्यूआरटी, आईबी, एयरपोर्ट प्रबंधन और पुलिस की टीम हुई शामिल







**नवभारत न्यूज**
**सतना, 7 अगस्त. विमान का अपहरण हो जाने जैसी आपात स्थिति सामने आने पर उस स्थिति से कैसे निबटा जाए, इसे लेकर सतना एयरपोर्ट पर गुरुवार को मॉकड्रिल आयोजित की गई. इस वार्षिक अभ्यास में आधा दर्जन एजेंसियों की टीमों ने हिस्सा लिया. इस दौरान एकीकृत और समन्वित कार्रवाई के माध्यम से संकट की घड़ी से बाहर निकलने के गुर साझा किए गए.**

बुधवार को जिला कलेक्टोरेट में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई थी. जिसमें कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस और पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता द्वारा संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए थे. इन्हीं निर्देशों के परिपालन में गुरुवार को सतना एयरपोर्ट में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया. मॉक ड्रिलइ के दौरान एसडीएम रघुराज नगर राहुल सिलाड़िया और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर शिवेश सिंह बघेल मुख्य रूप से मौजद रहे. एयरपोर्ट पर आयोजित मॉक ड्रिल में नगर निगम का फायर ब्रिगेड दस्ता, बम डिस्पोजल स्क्वाड, डाग स्क्वाड, एयरपोर्ट पर तैनात क्विक रिस्पांस टीम, इंटेलिजेंस ब्यूरो, निकटवर्ती थानों के पुलिस अधिकारी, पुलिस बल और एयरपोर्ट प्रबंधन की टीम शामिल हुई.

### हर एजेंसी की भूमिका



अभ्यास के दौरान टीमों को यह प्रशिक्षण दिया गया कि यदि कभी विमान अपहरण जैसी आपात स्थिति उत्पन्न हो जाए. तो उस समय किस विभाग को क्या करना है, कैसे करना है और किस स्थिति में कौन सी जिम्मेदारी निभानी है. इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि आपात स्थिति में सभी टीमों को अपनी-अपनी भूमिका की जानकारी स्पष्ट रहनी चाहिए. मॉक ड्रिल के माध्यम से न केवल सुरक्षा एजेंसियों को सजग बनाने का प्रयास किया गया. बल्कि एकीकृत और समन्वित कार्रवाई के माध्यम से संकट की घड़ी जान माल की सुरक्षा सुनिश्चत करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया.

# 6 महीने में 111 लोगों को सांप ने डसा

**नवभारत न्यूज**
**सतना, 7 अगस्त. बारिश के मौसम में सर्पदंश की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। जिले में जनवरी से जून 2025 तक सांपों ने 111 लोगों को अपना शिकार बनाया है। यह जानकारी 108 एंबुलेंस की जून माह की रिपोर्ट से सामने आई है।**

रिपोर्ट के अनुसार, जिले के ग्रामीण इलाकों में सर्पदंश की घटनाएं ज्यादा सामने आई हैं। खेतों में काम करने वाले किसान और कच्चे मकानों में रहने वाले लोग सांपों के संपर्क में आसानी से आ जाते हैं। बारिश के मौसम में सांप अपने बिलों से बाहर निकलकर बस्तियों के आसपास आ जाते हैं, जिससे खतरा और बढ़ जाता है। जून माह में सर्पदंश के मामलों में वृद्धि देखी गई, क्योंकि इस दौरान सांप अधिक सक्रिय हो जाते हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एलके तिवारी ने बताया कि सर्पदंश के बाद तुरंत प्राथमिक उपचार जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि किसी को सांप डस ले, तो सबसे पहले पीड़ित को शांत रखें और घबराहट से बचाएं। घाव को साफ पानी से धोएं और साफ कपड़े से ढक दें। पीड़ित के कपड़े ढीले करें, आभूषण हटाएं और उसे हिलने-डुलने से रोकें। घाव के ऊपर या नीचे रस्सी बांधने से बचें, क्योंकि इससे स्थिति और गंभीर हो सकती है। इसके बाद तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचें, जहां एंटी स्नेक वेनम उपलब्ध हो।

### जिले की स्थिति संवेदनशील

मध्य प्रदेश में सर्पदंश की घटनाएं चिंताजनक स्तर पर पहुंच चुकी हैं। जून 2025 तक प्रदेश में 4,205 से अधिक सर्पदंश के मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें सागर (311), रीवा (223), कटनी (173), दमोह (163) और छिंदवाड़ा (157) सबसे अधिक प्रभावित जिले हैं। सतना में भी 111 मामलों के साथ स्थिति गंभीर बनी हुई है।

# बस में चढ़ने के दौरान महिला के बैग से रुपए पार

## रक्षाबंधन की खरीददारी के लिए कियोस्क से निकाले थे 18 हजार

**नवभारत न्यूज**
**सतना, 7 अगस्त. रक्षा बंधन की खरीददारी करने के लिए कियोस्क से रुपए निकालने के बाद बस में चढ़ने लगी वैसे ही उसके बैग में रखी नकदी पार हो गई. घटना की जानकारी होने पर महिला बदहवास होते हुए गश खाकर नीचे गिर पड़ी. पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है.**



प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कुशली निवासी संगीता साकेत पति रमेश रक्षाबंधन की खरीदारी करने के लिए घर से निकली थी. खरीदारी के लिए रुपयों की आवश्यकता को देखते हुए संगीता ने तरंग कियोस्क सेंटर से 18 हजार रु की निकासी की. जिसके बाद वह बाजार में जाकर खरीदारी करने लगी. खरीददारी करने के बाद शाम होने पर संगीता वापस घर जाने के लिए बस स्टैण्ड पहुंची और बस में सवार हो गई.

बस में यात्रा के दौरान जब कंडक्टर ने किराया मांगा तो संगीता ने अपना बैग खोला. लेकिन बैग में रखे रुपए नदारद देख उसके पैरों तले जमीन खिसक गई. काफी खोजने पर भी बैग में जब रुपए नहीं मिले तो संगीता बदहवास होते हुए गश खाकर गिर गई. जिसे देखते हुए आस पास मौजूद लोगों ने उसे संभालने का प्रयास किया. होश आने पर अपनी मेहनत की गाढ़ी कमाई चोरी हो जाने की बात कहते हुए संगीता बुरी तरह बिलखने लगी. जिसे देखते हुए लोगों द्वारा घटना के बारे में पता लगाने का काफी प्रयास किया गया. लेकिन कोई सुराग नहीं मिल सका. वहीं पुलिस द्वारा जांच की जा रही है.

# तीन महीने बाद पुणे से दबोचा गया ट्रैक्टर चोर

**नवभारत न्यूज**
**सतना, 7 अगस्त. जिले के बैरहना गांव से ट्रैक्टर ट्रॉली चोरी होने की घटना के तीन महीने बाद आरोपी को पुणे से गिरफ्तार किया गया। हालांकि चुराई गई ट्राली तो कुछ दिनों बाद ही लावारिश हालत में बरामद हो गई थी। लेकिन आरोपी की गिरफ्तारी के बाद ट्रैक्टर को भी बरामद कर लिया गया।**



थाना प्रभारी कोठी गिरजाशंकर बाजपेयी से प्राप्त जानकारी के अनुसार 6 मई को फरियादी अजय सिंह निवासी ग्राम बरहना द्वारा थाने मे शिकायत की गई कि घर के बाहर खडा स्वराज 742 ट्रैक्टर क्र. स्क्का९ष्ट8539 को अज्ञात चोर ट्राली सहित चोरी कर ले गये हैं। जिसके आधार पर धारा 303(2) बी.एन.एस. के तहत अपराध पंजीबध्द कर विवेचना की गई। उक्त मामले मे चोरी गई ट्राली लावारिस हालत मे पाई जाने पर पूर्व मे ही जप्त किया गया था, उक्त चोरी की घटना को अंजाम देने वाला मुख्य आरोपी वीर विक्रम सिंह पिता अजय सिंह निवासी छमुआ, डभौरा जिला रीवा लगातार फरार चल रहा था। जिसकी तलास हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन मे थाना प्रभारी कोठी व्दारा टीम पुणे (महाराष्ट्र) रवाना की गई। टीम व्दारा आरोपी को पुणे से दस्तयाब कर कोठी लाया गया। आरोपी की निशादेही पर चोरी गये स्वराज 742 ट्रैक्टर क्र. स्क्का९ष्ट8539 को बरामद किया गया। आरोपी ने उक्त घटना के अलावा रीवा जिले मे डभौरा थाना क्षेत्रांतर्गत ट्रैक्टर चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया है जिसके संबंध मे कार्यवाही हेतु थाना प्रभारी डभौरा को सूचित कर दिया गया है।

# कोतवाली पुलिस ने शातिर मोटर साइकिल चोर को गिरफ्तार किया

**नवभारत न्यूज**
**सतना, 7 अगस्त. मोटर साइकिल चोरी करने वाले शातिर चोर को सिटी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया।**



प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को फरियादी रामकिशोर चौधरी निवासी धवारी गली न. 01 ने बाइक चोरी की शिकायत की थी। रामकिशोर ने बताया कि 30 जुलाई को वह संदीप बाल्मीक के यहां प्रेमनगर गली न. 02 मे काम करने गया था। इस दौरान बाइक को रेल्वे लाइन के किनारे खडी कर दी थी। काम करके दोपहर लौटा तो देखा कि मो.सा. नही थी कोई चुरा ले गया था। काफी पता तलाश के बाद जब मो. सा. नही मिली तब थाने जाकर शिकायत की। विवेचना के दौरान संदेही आरोपी मोहित विश्वकर्मा पिता राजकुमार विश्वकर्मा उम्र 19 वर्ष निवासी आजाद चौक सब्जी मंडी से पूछताछ की गई। मोहित ने बाइक चुराना स्वीकार कर लिया। आरोपी की तस्दीक पर पुलिस ने मो. सा. को जप्त कर लिया।






### एक नजर में



### महिलाओं ने मनाया तीज पर्व

**सतना** । आदर्श नगर में महिलाओं ने आज तीज पर्व मनाया । जिसमें गुडिया गुप्ता लता तिवारी अर्चना गुप्ता सविता अग्रवाल रजनी गौतम दीपा गुप्ता आदि ने भाग लिया । हरियाली तीज महिलाओं के लिए एक महत्वपूर्ण त्योहार है, जो पति के प्रति समर्पण और शिव-पार्वती के मिलन का प्रतीक है। यह श्रावण मास की शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। इस दिन, महिलाएं व्रत रखती हैं, सोलह श्रृंगार करती हैं, और भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करती हैं। हरियाली तीज का महत्व, पति के प्रति समर्पण, हरियाली तीज पति की लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य के लिए रखा जाता है, शिव-पार्वती मिलन, यह त्योहार भगवान शिव और देवी पार्वती के पुनर्मिलन की याद दिलाता है।

### बहनों ने सरहद पर भेजी राखियां



**सतना** । अंतर्राष्ट्रीय संस्था इनरव्हील क्लब सतना की प्रेसिडेंट सुनीता गुप्ता ने अपनी टीम के साथ कलेक्टर ऑफिस में कलेक्टर को सरहद पर तैनात वीर सैनिक भाइयों के लिए राखियां भेजी। कार्यक्रम में इनरव्हील के डायरेक्टर रविशंकर गौरी, प्रेसिडेंट सुनीता गुप्ता, पूर्व प्रेसिडेंट उमा मिश्रा सेकेट्री पूर्णिमा गर्ग, शिखा खन्ताल, नेहा अग्रवाल, ममता श्रवण अग्रवाल, अस्मिता गौतम एवं नमिता अग्रवाल उपस्थित रहीं।

### कार्यक्रम को लेकर कलेक्टर को पत्र सौंपा

**सतना** । श्री सार्थक सेवा फाउन्डेशन के एक नए अभियान पर अध्यक्ष आशीष मोंगिया एवं फाउन्डेशन के आशीष तिवारी द्वारा सतना कलेक्टर सतीश कुमार से मुलाकात करके फाउंडेशन के होने वाले एक कार्यक्रम को लेकर सतना कलेक्टर से पत्र सौंपा।

### अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ ने किया पौधरोपण



**सतना** । आज सावन मास के हरियाली सम्मान में भजन संध्या के साथ आत्मीय स्नेह विश्वास प्रेम सहित वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती शोभना सिंह, जिला संयोजक गीता सिंह, उपाध्यक्ष स्नेहलता सिंह, उपाध्यक्ष प्रतिभा सिंह पिंकी, रचना सिंह सचिव मिडिया प्रभारी डॉ जागृति सिंह का पूर्ण सहयोग समाज सेवी संस्था की कार्य कारणी सदस्य आशा फौजदार, सीमा सिंह, निशा अग्रवाल, किरण शर्मा जिला अध्यक्ष वंदना सिंह उपस्थित रहीं।

# रीवा स्पेशल ट्रेन में एसी व स्लीपर के अतिरिक्त कोच

**नवभारत न्यूज**
**सतना, 7 अगस्त। रेल प्रशासन द्वारा त्यौहारों पर अतिरिक्त यात्री यातायात क्लियर करने एवं यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पश्चिम मध्य रेल से चलने वाली स्पेशल ट्रेन रानी कमलापति-रीवा एक्सप्रेस में एसी थर्ड एवं सेकण्ड स्लीपर कोच लगाने का निर्णय लिया गया है।**

गाड़ी संख्या 01661 रानी कमलापति-रीवा स्पेशल ट्रेन में प्रारंभिक स्टेशन रानी कमलापति स्टेशन से दिनांक 08.08.2025 को 02 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी एवं 02 शयनयान श्रेणी के अतिरिक्त कोच लगाया जायेगा।



# खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने जिले के 3 स्थानों पर की जांच

## मिष्ठान प्रतिष्ठानों से लिए गए विभिन्न मिठाइयों के सैंपल

**नवभारत न्यूज**
**सतना, 7 अगस्त। रक्षाबंधन त्योहार के मद्देनज़र खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने बिरसिंहपुर, कोठी और नागौद क्षेत्रों में निरीक्षण एवं नमूना संग्रहण अभियान चलाया।**

इस अभियान के तहत बिरसिंहपुर क्षेत्र में अपना होटल एवं गैविनाथ मिष्ठान भंडार का निरीक्षण किया गया, वहीं कोठी क्षेत्र में प्रिंस स्वीट्स और सृष्टि स्वीट्स नामक प्रतिष्ठानों की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान टीम द्वारा पेड़ा, मगज लड्डू, छेना रसगुल्ला, मिल्क केक, सोहन पापड़ी सहित विभिन्न मिठाइयों के नमूने संग्रहित किए गए। इन खाद्य पदार्थों के नमूने प्रयोगशाला परीक्षण हेतु भेजे गए हैं, जिनकी रिपोर्ट आने के पश्चात आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभिषेक बिहारी गौर के साथ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अशोक कुर्मी एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी सीमा पटेल भी टीम में शामिल रहीं।

### हटवाई गई एल्यूमिनियम की वर्क

उधर नागौद में खाद्य सुरक्षा अधिकारी शीतल सिंह द्वारा न्यू गणेश स्वीट्स, बंटी स्वीट्स, संत मिष्ठान भंडार में जांच की गई एवं कलाकंद, बर्फी, पेड़ा, खोवा आदि के नमूने लिए गए। संत मिष्ठान भंडार में गंदगी पाई गई है जिसे नोटिस दिया गया। इसी कड़ी में खुरचन ही खुरचन में मिठाई में एल्यूमिनियम की वर्क लगी पाई गई। जिसे हटवाया गया और पुनरावृत्ति करने पर कठोर कार्यवाही की चेतावनी दी गई है।